भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4417

19 मार्च, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

महाराष्ट्र मेट्रो रेल गलियारों में यात्रियों की भारी भीड़

†4417. श्री भास्कर मुरलीधर भगरेः

श्रीमती सुप्रिया सुलेः

श्री संजय दिना पाटीलः

प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ः

श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटीलः

डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हेः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि महाराष्ट्र में कई मेट्रो रेल गलियारों में व्यस्ततम समय के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ होती है जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों को अधिक समय तक खड़े रहना पड़ता है और क्या व्यस्ततम समय में भीड़-भाड़ के स्तर का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा में सुधार लाने के लिए व्यस्त समय के दौरान रेलगाड़ियों की बारंबारता बढ़ाने, अतिरिक्त रेक जोड़ने या सिग्नल प्रणाली का इष्टतम उपयोग करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में चालू मेट्रो गलियारों में औसत दैनिक संख्या और व्यस्ततम समय में यात्रियों की संख्या वर्ष-वार कितनी दर्ज की गई है;

(घ) राज्य में यात्रियों की संख्या को वितरित करने और शहरी आवागमन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए प्रस्तावित नए मेट्रो मार्गों और गलियारों के विस्तार के अनुमोदन और कार्यान्वयन की स्थिति क्या है; और

(ङ) व्यस्ततम समय में मेट्रो सेवाओं में भीड़-भाड़ को और कम करने और समग्र यात्रियों की संख्या में वृद्धि करने के लिए अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी और इंटर-मॉडल एकीकरण को सुदृढ करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख) महाराष्ट्र सरकार ने सूचित किया है कि प्रचालन रिकार्ड के अनुसार, मुंबई मेट्रो लाइन-1 को छोड़कर, अन्य चालू मेट्रो कॉरीडोर स्टेशन/प्लेटफार्म पर संज्ञान लिए जाने योग्य किसी प्रकार की अतिरिक्त भीड़भाड़ की सूचना नहीं मिली है। यात्रियों की आवाजाही की लगातार निगरानी की जाती है और जब भी आवश्यकता हो, व्यस्ततम समय के दौरान अधिक रेक शामिल करके, स्टैंडबाय ट्रेनों को तैनात करके, हेडवेज को समायोजित करके और यात्रियों का प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और सुरक्षित और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए प्रचालन व्यवस्था को इष्टतम करके अतिरिक्त ट्रेन सेवाएं शुरू की जाती हैं।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में प्रचालनरत मेट्रो कॉरिडर पर औसतन दैनिक और व्यस्ततम समय में यात्रियों की संख्या का वर्ष-वार विवरण अनुलग्नक-क में संलग्न है

(घ) प्रचालनरत मेट्रो लाइनों पर यात्री संख्या का भार वितरित करने हेतु महाराष्ट्र राज्य के लिए अनुमोदित अन्य मेट्रो परियोजनाओं की वास्तविक प्रगति अनुलग्नक-ख में दी गई है।

(ङ) अंतिम छोर तक संपर्क को सुदृढ़ करने के लिए मेट्रो रेल प्राधिकारियों द्वारा किए गए विभिन्न उपाय निम्नानुसार हैं -

- मेट्रो स्टेशनों पर फीडर बस/ऑटो रिक्शा सेवाओं का प्रावधान
- उप-शहरी रेलवे स्टेशनों और बस स्टेशनों जैसी अन्य सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के साथ एकीकरण।
- मेट्रो स्टेशनों पर मध्यवर्ती सार्वजनिक परिवहन सुविधाएं जैसे कि पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ जोन, टैक्सी/ऑटो स्टैंड और पैदल यात्री मार्ग।
- इन्टेलिजन्ट ट्रांसपोर्ट एण्ड पैसेंजर इनफार्मेशन सिस्टम।
- वे फाइन्डिंग और साइनेज इम्प्रूव्मन्ट, आदि।

x-x-x-x-x

अनुलग्नक क

औसतन दैनिक और व्यस्ततम समय के दौरान यात्रियों की संख्या

क्रम संख्या.	मेट्रो रेल परियोजना	वर्ष					
		2023		2024		2025	
		औसतन दैनिक यात्री संख्या	व्यस्ततम समय में औसतन यात्री संख्या	औसतन दैनिक यात्री संख्या	व्यस्ततम समय में औसतन यात्री संख्या	औसतन दैनिक यात्री संख्या	व्यस्ततम समय में औसतन यात्री संख्या
		आंकड़े लाखों में					
1	मुंबई मेट्रो लाइन-1 (वर्सोवा - अंधेरी - घाटकोपर)	3.64	0.35	3.94	0.38	4.27	0.41
2	मुंबई मेट्रो लाइन-3 (कोलाबा - बांद्रा - सीप्ज़)	0.19	0.04	0.65	0.14	1.53	0.29
3	मुंबई मेट्रो लाइन-2ए (दहिसर - डी.एन.नगर)	0.31	0.18	1.18	0.65	1.37	0.91
4	मुंबई मेट्रो लाइन- 7 (दहिसर (पूर्व) - अंधेरी (पूर्व))	0.22	0.13	0.72	0.40	0.85	0.56

5	नवी मुंबई मेट्रो लाइन-1 (बेलापुर - पेंढर)	0.13	0.01	0.13	0.01	0.20	0.02
6	पुणे मेट्रो लाइन फेज -1 (पीसीएमसी - स्वरगते और वानज - रामवाडी)	0.40	0.04	1.29	0.14	1.95	0.20
7	नागपुर मेट्रो लाइन फेज -1 (ऑटोमेटिव स्क्वायर - खापरी, लोकमान्यनगर - प्रजापति नगर)	0.73	0.23	0.82	0.14	0.96	0.15

अनुलग्नक ख

महाराष्ट्र में अन्य स्वीकृत मेट्रो परियोजनाओं की स्थिति			
क्रम संख्या	**परियोजना**	**लंबाई (किमी में)**	**भौतिक प्रगति (% में) (28.02.2026 तक)**
मुंबई में			
1	मुंबई मेट्रो लाइन - 2बी (डी.एन. नगर - मांडले)	23.60	92.00 (सिविल)
2	मुंबई मेट्रो लाइन - 4 (वडाला-ठाणे-कासरवडवली)	32.30	90.50 (सिविल)
3	मुंबई मेट्रो लाइन -4 ए (कासरवडवली - गायमुख)	2.70	96.50 (सिविल)
4	मुंबई मेट्रो लाइन - 5 (ठाणे - भिवंडी - कल्याण)	24.90	97.60 (सिविल) (चरण- I के लिए)
5	मुंबई मेट्रो लाइन - 6 (स्वामी समर्थ नगर - विक्रोली)	14.50	86.88 (सिविल)
6	मुंबई मेट्रो लाइन - 9 और 7ए (दहिसर - मीरा भयंदर और अंधेरी - सीएसएमआईए)	13.50	75.30 (सिविल)
7	मुंबई मेट्रो लाइन - 10 (गायमुख - शिवाजी चौक (मीरा रोड))	9.20	-
8	मुंबई मेट्रो लाइन - 12 (कल्याण - ताजोला)	20.70	20.17 (सिविल)
9	ठाणे आंतरिक रिंग मेट्रो परियोजना (ठाणे - न्यू ठाणे रिंग)	29.00	6.54
नागपुर में			
10	नागपुर मेट्रो फेज-2 (i) मिहान - एमआईडीसी ईएसआर (ii) ऑटोमोटिव स्क्वायर - कन्हान नदी, (iii) लोकमान्य नगर - हिंगना, और (iv) प्रजापति नगर - ट्रांसपोर्ट नगर)	43.80	34.70

पुणे में			
11	पुणे मेट्रो लाइन - 3 (मान - हिंजेवाड़ी - शिवाजीनगर)	23.23	93.88
12	पुणे मेट्रो रेल परियोजना कॉरिडोर 1 ए: पिंपरी-चिंचवाड़ (पीसीएमसी) से निगड़ी।	4.41	37.09
13	पुणे मेट्रो रेल परियोजना स्वरगते से विस्तार लाइन - कात्रज	5.46	4.52
14	पुणे मेट्रो फेज-2 (वनज से चांदनी चौक और रामवाड़ी से वाघोली/विट्ठलवाड़ी)	12.75	1.02
15	पुणे मेट्रो फेज-2: लाइन - 4ए और 4बी - खराडी - हडपसर - स्वरगते - खड़कवासला - नल स्टॉप - वारजे - माणिक बाग की स्पर लाइन के साथ	31.63	0.40

x-x-x-x-x